C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL EDITION

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | विशेषांक | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार, 27 अप्रैल ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

भीलवाड़ा फोकस एक्सक्लूसिव

# हरियालो राजस्थान में 'हरियाली' के नाम पर बड़ा खेल?

## 'पौधों' के खेल में पत्रकार-नर्सरी संचालक की भूमिका संदेह के घेरे में

## 5 महीने बाद भी विभाग तय नहीं कर पाया नर्सरी मौजूद है या नहीं




पत्रकार की आड़ में दबाव बनाने का आरोप




एक नर्सरी, कई स्कूल, सीधा भुगतान - क्यों?




महिला प्रधानाचार्य ने जांच में दबाव की बात कबूली

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी हरियालो राजस्थान अभियान की जमीनी हकीकत अब सवालों के घेरे में है। भीलवाड़ा जिले के बिजोलिया ब्लॉक से सामने आए मामले ने न केवल योजना की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगाया है, बल्कि शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली और निगरानी तंत्र को भी कठघरे में खड़ा कर दिया है। बिजोलिया निवासी रामप्रसाद विजयवर्गीय द्वारा मुख्यमंत्री को दी गई शिकायत के बाद पूरे मामले ने तूल पकड़ लिया है और विभागीय हलकों में हड़कंप मचा हुआ है।




### एक ही नर्सरी से खरीद, प्रक्रिया पर उठे सवाल

शिकायत में स्पष्ट रूप से आरोप लगाया गया है कि बिजोलिया ब्लॉक के कई विद्यालयों में पौधों की खरीद एलकेसी प्लांट, शक्करगढ़ चौराहा नामक निजी नर्सरी से करवाई गई, जिसका संचालन ललित कुमार द्वारा किया जाता है, जो खुद को पत्रकार भी बताता हैं। आरोप है कि अलग-अलग विद्यालयों द्वारा एक ही नर्सरी से पौधे खरीदना और भुगतान सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर करना पूरी प्रक्रिया को संदिग्ध बनाता है। न तो निविदा प्रक्रिया सामने आई और न ही यह स्पष्ट किया गया कि कितने पौधे, किस दर पर और किन मानकों के आधार पर खरीदे गए।

### नवंबर और जनवरी की शिकायतें, फिर भी जांच अधूरी

इस पूरे मामले की गंभीरता इस बात से समझी जा सकती है कि पहली गुप्त शिकायत नवंबर 2025 में और दूसरी शिकायत जनवरी 2026 में दर्ज होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। हैरानी की बात यह है कि करीब पांच महीने बीत जाने के बाद भी शिक्षा विभाग यह तक सुनिश्चित नहीं कर पाया कि जिस नर्सरी से खरीद दिखाई गई, वह वास्तव में बिजोलिया क्षेत्र में मौजूद भी है या नहीं। इससे विभागीय लापरवाही या संभावित मिलीभगत की आशंका और गहरी हो गई है।

### पत्रकार की आड़ में दबाव-महिला प्रधानाचार्य ने भी मानी बात

शिकायतकर्ता रामप्रसाद विजयवर्गीय ने अपने ज्ञापन में गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि नर्सरी संचालक ललित कुमार ने खुद को पत्रकार बताते हुए विद्यालयों के प्रधानाचार्यों पर पौधे खरीदने का दबाव बनाया। आरोप है कि पूर्व शिकायत अनुसार पौधे नहीं खरीदने पर नकारात्मक समाचार प्रकाशित कराने और एपीओ करवाने की धमकी दी गई। इस मामले में एक महिला प्रधानाचार्य ने जांच के दौरान दबाव की बात स्वीकार भी की, लेकिन इसके बावजूद नर्सरी संचालक (पत्रकार) को गुप्त सूचना एवं वैध मोबाइल नंबर नंबर से शिकायत नहीं होने एवं शिकायतकर्ता से संपर्क नहीं होने के चलते मामले में जांच बंद कर दी गई ।




### 'पौधे आए कहां से?' सप्लाई की पूरी कड़ी संदेह के घेरे में

मामले में यह भी बड़ा सवाल उठ रहा है कि निजी नर्सरी द्वारा विद्यालयों को उपलब्ध कराए गए पौधे वास्तव में कहां से खरीदे गए। क्या वे मानकों के अनुरूप थे या केवल कागजों में खरीद दर्शाकर भुगतान किया गया। यदि इस पहलू की गहराई से जांच होती है, तो पूरे मामले में वित्तीय अनियमितताओं और फर्जीवाड़े के बड़े खुलासे हो सकते हैं।

### पूर्व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी की भूमिका भी संदिग्ध

सूत्रों के अनुसार, इस पूरे प्रकरण में एक पूर्व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। ब्लॉक क्षेत्र के कई विद्यालयों द्वारा एक ही निजी नर्सरी से पौधे खरीदना और भुगतान की समान प्रक्रिया अपनाना इस ओर इशारा करता है कि मामला केवल अनियमितता नहीं बल्कि संभावित मिलीभगत का भी हो सकता है।

### जमीनी जांच हुई तो खुल सकता है बड़ा घोटाला

स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि यदि बिजोलिया ब्लॉक में लगाए गए पौधों का वास्तविक भौतिक सत्यापन कराया जाए और उसे रिकॉर्ड से मिलाया जाए, तो यह मामला हरियालो राजस्थान अभियान के तहत एक बड़े घोटाले के रूप में सामने आ सकता है। पौधों की संख्या, गुणवत्ता और उपलब्धता को लेकर गंभीर विसंगतियों की आशंका जताई जा रही है।

### शिक्षा मंत्री तक पहुंचा मामला, कार्रवाई के संकेत

मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जानकारी अब शिक्षा मंत्री मदन दिलावर तक भी पहुंच चुकी है। जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित अधिकारियों और व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी ।

### हरियाली की आड़ में गड़बड़ी?

हरियालो राजस्थान अभियान, जिसका उद्देश्य प्रदेश में हरियाली बढ़ाना है, अब बिजोलिया ब्लॉक में अनियमितताओं, दबाव और संभावित भ्रष्टाचार के आरोपों से घिर गया है। शिकायतकर्ता रामप्रसाद विजयवर्गीय ने पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। यदि जांच ईमानदारी से होती है, तो यह मामला न केवल भीलवाड़ा जिले बल्कि पूरे प्रदेश में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर बड़ा सवाल खड़ा कर सकता है।

### इनका कहना है ।

ललित कुमार की निजी नर्सरी से पौधे खरीदने और दबाव डालने की शिकायत की जांच जिला स्तर पर चल रही है। एक प्रधानाचार्य द्वारा दबाव की बात कही गई थी, लेकिन उन्होंने पौधे नहीं खरीदे। नर्सरी के भौतिक सत्यापन को लेकर बाद में ही स्पष्ट जानकारी दी जा सकेगी।

**मालीराम यादव , ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, बिजोलिया ।**

# भीलवाड़ा सरकारी और निजी स्कूलों का समय बदला

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**अमन ठठेरा**

जिले में पड़ रही प्रचंड गर्मी को देखते हुए जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने भीलवाड़ा जिले की सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों के समय में परिवर्तन किया है।

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू द्वारा जारी आदेश में बताए गया की मौसम विभाग के पूर्वानुमान के आधार पर जिले में तापमान में वृद्धि से प्रचंड गर्मी और हिटवेव के मौसम को देखते हुए मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अरूणा गारू से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार जिले के कक्षा प्री प्राइमरी से कक्षा आठवीं तक के समस्त राजकीय और गैर राजकीय विद्यालयों प्रारंभिक तथा माध्यमिक में 27 अप्रैल से इस सत्र के समापन तक अर्थात 16 में तक तक विद्यालयों का समय प्रातः 7:30 बजे से 11:30 तक किया जाता है और कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के छात्र-छात्राओं एवं समस्त स्टाफ का संचालित परीक्षाओं का समय यथावत रहेगा। ?

# कोटड़ी का लाल बना सहायक कमांडेंट अभिषेक शर्मा का भव्य स्वागत

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**



देशभक्ति, समर्पण और गौरव की भावना से सराबोर भीलवाड़ा जिले का कोटड़ी कस्बा ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बना, जब कस्बे के होनहार युवा अभिषेक शर्मा के सहायक कमांडेंट बनने पर उनका प्रथम गृह आगमन पर भव्य स्वागत किया गया।

कोटड़ी निवासी वरिष्ठ पत्रकार श्यामसुंदर शर्मा के सुपुत्र अभिषेक शर्मा ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) में सहायक कमांडेंट के रूप में दीक्षा प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। 13 माह के कठिन प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूर्ण कर वे अब देश की आंतरिक सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाने जा रहे हैं। शनिवार प्रातः नेहरू नगर से भव्य जुलूस निकाला गया जो पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड और सदर बाजार होते हुए चारभुजा मंदिर पहुंचा। पूरे मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर अभिषेक शर्मा व उनके परिवार का जोरदार स्वागत किया गया। कस्बे में देशभक्ति के रंग साफ नजर आए और 'भारत माता की जय' के नारों से वातावरण गूंज उठा। इस दौरान श्री चारभुजा मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ शाखा कोटड़ी के अध्यक्ष दुर्गाशंकर शर्मा, उपसभा अध्यक्ष शांतिलाल पोखरना, पत्रकार संघ के दिनेश पारीक, बनवारीलाल पाराशर, काग्रेस बनवारी लाल शर्मा सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों, सदस्यो एवं गणमान्य नागरिकों ने स्वागत किया। नोबल स्कूल सहित कई संस्थाओं ने भी अभिनंदन किया। स्वागत समारोह के पश्चात अभिषेक शर्मा ने चारभुजानाथ मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन किए और अपनी इस उपलब्धि को ईश्वर को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान आई चुनौतियों ने उन्हें और मजबूत बनाया है तथा अब उनका एकमात्र लक्ष्य देश की सेवा करना है।

उल्लेखनीय है कि अभिषेक शर्मा इस पद तक पहुंचने वाले कोटड़ी क्षेत्र के पहले युवा हैं। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष की लहर है और युवाओं को नई प्रेरणा मिली है।

# बजरी माफिया का कहरः ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार छात्रों को कुचला, एक की मौके पर हुई मौत,दूसरा घायल,ट्रैक्टर चालक हुआ फरार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**





शहर में बजरी माफिया का आतंक इस कदर बढ़ चुका है कि अब सड़कों पर चलना भी खतरे से खाली नहीं रहा। तिलक नगर में पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास रविवार को एक और मासूम जिंदगी प्रशासन की लापरवाही की भेंट चढ़ गई। बजरी से भरी तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार 21 वर्षीय छात्र को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रैक्टर-ट्रॉली की रफ्तार इतनी तेज थी कि टक्कर के बाद युवक को संभलने का मौका तक नहीं मिला। ट्रैक्टर उसे कुचलता हुआ आगे बढ़ गया और फिर पलट गया। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया—जैसे कानून का कोई डर ही नहीं।

**सपनों को रौंद गई बजरी माफियाओं की रफ्तार**

मृतक राकेश और उसका दोस्त गोविंद सिंगोली के रहने वाले थे और तिलक नगर में किराये का कमरा लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे। रविवार को दोनों स्टेशनरी लेने निकले थे, लेकिन उन्हें क्या पता था कि यह सफर आखिरी साबित होगा। लौटते वक्त इंपीरियल होटल के पास मौत बनकर आई ट्रैक्टर-ट्रॉली ने राकेश की जिंदगी छीन ली।

**कब जागेगा प्रशासन?**

हादसे के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। स्थानीय लोगों का साफ कहना है कि इलाके में अवैध बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली दिन-रात बेखौफ दौड़ते हैं, लेकिन न पुलिस कार्रवाई करती है और न प्रशासन कोई ठोस कदम उठाता है। हर हादसे के बाद सिर्फ औपचारिकताएं निभाई जाती हैं—और फिर अगली मौत का इंतजार।

**मॉर्च्यूरी में रखा शव**

पुलिस ने शव को महात्मा गांधी अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवाया है। परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम किया जाएगा।

# मेसर्स श्री राम आइसक्रीम व भरका आइसक्रीम सहित कुल्फी और आइसक्रीम विक्रेताओं पर छापे

## गंदगी व एक्सपायरी सामग्री मिली ,नोटिस और मौके पर की कार्रवाई

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**अमन ठठेरा**



जिला कलेक्टर के निर्देशन में आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा सघन जांच अभियान लगातार जारी है। विशेष रूप से गर्मी के मौसम में बढ़ती मांग को देखते हुए मावा कुल्फी, आइसक्रीम, कुल्फी पाउडर एवं स्ट्रॉबेरी जैसे उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विभाग ने विभिन्न प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए नमूने एकत्र किए हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मेसर्स आइसक्रीम एण्ड कुल्फी से मावा कुल्फी व कुल्फी के दो नमूने लिए गए। इसके अलावा श्रीनाथ आइसक्रीम, गंगापुर से आइसक्रीम तथा मेसर्स महालक्ष्मी सांचा एजेंसी, गंगापुर से कुल्फी पाउडर का नमूना संग्रहित किया गया। इसी प्रकार श्रीराम आइसक्रीम, भीलवाड़ा से आइसक्रीम व कुल्फी के नमूने लिए गए। निरीक्षण के दौरान गोदाम में साफ-सफाई की स्थिति असंतोषजनक पाई गई, जिस पर खाद्य विक्रेता को सुधार हेतु नोटिस जारी किया गया। साथ ही मौके पर 500 एमएल की 28 बोतलों में एक्सपायरी फ्लेवर मिलने पर उसे तत्काल नष्ट करवाया गया। मेसर्स एमडीसी इंटरप्राइजेज, हालेड रोड से भी आइसक्रीम (क्वालिटी वाल्स) का नमूना लिया गया।

मेसर्स मां भरका देवी आइसक्रीम से स्ट्रॉबेरी फ्लेवर आइसक्रीम के सैंपल संग्रहित किए गए। सभी नमूनों को जांच हेतु अजमेर स्थित प्रयोगशाला भेजा गया है, जहां उनकी गुणवत्ता एवं शुद्धता की विस्तृत जांच की जाएगी। इस कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक यादव के नेतृत्व में प्रशिक्षु अधिकारियों सहित टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

**मिलावट? बर्दाश्त नहीं- डॉ. शर्मा**

सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि खाद्य पदार्थों में किसी भी प्रकार की मिलावट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त नजर रखी जा रही है और यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# कोरियर कर्मचारी ने रास्ते में पार्सल से उड़ाए मोबाइल-लैपटॉप, 19 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार

## 7 लाख के सामान की चोरी का खुलासा, 12 मोबाइल व एप्पल लैपटॉप बरामद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर के गांधीनगर थाना पुलिस ने कोरियर पार्सलों से मोबाइल और लैपटॉप चोरी करने वाले एक कर्मचारी को गिरफ्तार कर बड़ी वारदात का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 12 मोबाइल फोन और एक एप्पल कंपनी का लैपटॉप बरामद किया है। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 7 लाख रुपए बताई जा रही है।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन के निर्देशन एवं वृताधिकारी सज्जन सिंह के सुपरविजन में गांधीनगर थाना प्रभारी पुष्पा कासोटिया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

पुलिस ने बताया कि 23 अप्रैल को चन्द्रशेखर शर्मा (46) निवासी टेक्सटाइल मार्केट, भीलवाड़ा ने रिपोर्ट दी कि उसके कोरियर संस्थान में कार्यरत किसी कर्मचारी द्वारा ग्राहकों के पार्सलों से 15 मोबाइल, एक एप्पल लैपटॉप सहित अन्य सामान चोरी कर लिया गया। रिपोर्ट पर गांधीनगर थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।


जांच के दौरान पुलिस ने संदिग्ध कर्मचारी मानवेन्द्र सिंह सांखला (19) निवासी कटार, तहसील आसींद को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने डिलीवरी से पहले रास्ते में पार्सल खोलकर मोबाइल व लैपटॉप चोरी करना स्वीकार किया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 12 मोबाइल फोन और एक एप्पल लैपटॉप बरामद कर लिया है। आरोपी के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 316(3) के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई जारी है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी पुष्पा कासोटिया के साथ हेड कांस्टेबल जगदीश चंद्र, अनिरुद्ध सिंह, गिर्राज तथा कांस्टेबल रसीद खान की विशेष भूमिका रही।

# धाकड़ समाज का 27वां सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न, 52 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**



**(नरेश धाकड़)।**ऊपरमाल धाकड़ समाज का 27वां सामूहिक विवाह सम्मेलन रविवार को आदर्श धाकड़ विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। सम्मेलन में 52 जोड़े एक साथ परिणय सूत्र में बंधे, वहीं प्रतिभा एवं भामाशाह सम्मान समारोह में 44 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि भीलवाड़ा के पूर्व जिला प्रमुख इंजीनियर कन्हैया लाल धाकड़ ने कहा कि जो समाज शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ विवाह में फिजूलखर्ची और कुरीतियों को समाप्त करता है, उसका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होता है। उन्होंने बताया कि ऊपरमाल धाकड़ समाज पिछले 27 वर्षों से सामूहिक विवाह के माध्यम से मृत्युभोज जैसी कुरीतियों पर रोक लगाकर अनुकरणीय उदाहरण पेश कर रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 7:30 बजे भूमि पूजन एवं 9:15 बजे ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके बाद गणपति स्थापना और मायरा कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें 16 बहनों को उनके भाइयों द्वारा मायरा पहनाया गया।

दोपहर 12:15 बजे आयोजित सम्मान समारोह में शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं सरकारी सेवाओं में चयनित प्रतिभाओं सहित समाज के भामाशाहों का सम्मान किया गया। इस दौरान समाज को भूमि दान करने वाले मांगीलाल धाकड़ का विशेष अभिनंदन किया गया।

दोपहर 2 बजे से प्रीतिभोज शुरू हुआ, जो देर रात तक चला। सायं 7:15 बजे भव्य आतिशबाजी के साथ 52 दूल्हों ने तोरण मारने की रस्म निभाई। इसके पश्चात रात्रि 8:15 बजे आशीर्वाद समारोह एवं 11:15 बजे पाणिग्रहण संस्कार के बाद विदाई समारोह संपन्न हुआ।

इस अवसर पर धाकड़ महासभा के प्रदेशाध्यक्ष इन्द्र सिंह मंडलोई, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भूपेन्द्र नागर सहित कई जनप्रतिनिधि, समाज के पदाधिकारी एवं सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सम्मेलन समिति अध्यक्ष ओंकार लाल धाकड़ के नेतृत्व में सभी अतिथियों का साफा व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

# 113 किलो डोडा चूरा जब्त, क्रेटा कार छोड़ी भागे तस्कर

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**

जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत डीएसटी भीलवाड़ा और पुलिस थाना काछोला ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने एक हुण्डई क्रेटा कार से 113.060 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा बरामद किया है, जिसकी बाजार कीमत करीब 17 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने कार्रवाई सीओ कोटड़ी सुरेश कुमार डाबरिया के सुपरविजन में 24 अप्रैल को की ।

डीएसटी टीम को सूचना मिली थी कि राजगढ़ क्षेत्र के जंगल में खड़ी एक क्रेटा कार में अवैध मादक पदार्थ हो सकता है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए डीएसटी एवं थाना काछोला की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। तलाशी लेने पर कार में रखे 6 प्लास्टिक कट्टों में 113.060 किलो डोडा चूरा बरामद हुआ।

पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कार सहित मादक पदार्थ जब्त कर लिया है और मामला दर्ज कर लिया गया है।

इस कार्रवाई में डीएसटी के एएसआई अशोक कुमार कडवा और कांस्टेबल गोपाल राम सहित पुलिस थाना काछोला के कई अधिकारियों एवं जवानों का विशेष योगदान रहा।

पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है और मामले की जांच जारी है।



QUICK BITES

# डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर सहित देशभर की 26 हस्तियों को फिल्म सिटी मुंबई में मिलेगा अवार्ड

## दादा साहब फाल्के की स्मृति में परिवार KAF अवॉर्ड राजस्थान से केवल डॉ. ठाकुर का हुआ अवार्ड के लिए चयन

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

**डॉ. चेतन ठठेरा**



हर वर्ष की तरह इस साल भी भारतीय सिनेमा के पितामह दादा साहब फाल्के की जयंती के अवसर पर फिल्म सिटी में दादा साहब फाल्के चित्र नगरी गोरेगांव ईस्ट मुंबई में कृष्ण आर्ट फिल्म परिवार KAF अवार्ड कार्यक्रम 30 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा । जिसमें ज्यूरी द्वारा राजस्थानी फिल्म अभिनेत्री एवं एंकर व अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधित्व प्राप्त वूमेन पावर सोशलिटी एंड फाउंडेशन कल्चरल व बालिका शिक्षा विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रिंसिपल शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार भीलवाड़ा डॉ.प्रतिष्ठा ठाकुर सहित देशभर की 26 विभूतियों को अवार्ड के लिए चयन किया है।

कृष्ण आर्ट फिल्म परिवार KAF अवार्ड आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ.सुधीर तारे ने यह जानकारी देते हुए बताया कि समिति के उपाध्यक्ष व फिल्म समीक्षा डॉ.सैयद खालिद समिति की महासचिव शशि दीप और ज्यूरी द्वारा राजस्थानी फिल्मों की अभिनेत्री एंकर और प्रिंसिपल शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार टेक्सटाइल सिटी भीलवाड़ा की बेटी डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर सहित देश भर के 26 विभूतियों को अवार्ड के लिए चयन किया गया है।

दादा साहब फाल्के की जयंती पर ऋत्र परिवार द्वारा दिए जाने वाले अवार्ड आयोजन समिति की स्थापना प्रसिद्ध फिल्म निर्माता निर्देशक स्वर्गीय रविंदर अरोड़ा द्वारा की गई थी और 2024 तक उनके द्वारा ही यह सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा था लेकिन पिछले साल उनके आकस्मिक निधन के बाद यह जिम्मेदारी परिवार KAF अवार्ड की आयोजन समिति द्वारा ली गई है। दादा साहब फाल्के का जन्म 30 अप्रैल 1870 को महाराष्ट्र के त्रंयबकेश्वर में हुआ था। दादा साहब फाल्के को भारतीय सिनेमा के पितामह के रूप में जाना जाता है। दादा साहब फाल्के के योगदान को सम्मान देने के लिए ही यह ऋत्र परिवार अवार्ड शुरू किया गया था और यह अवार्ड गोरेगांव फिल्म सिटी में उनकी प्रतिमा के सामने 30 अप्रैल को उनके जन्मदिन पर आयोजित भव्य समारोह में दिया जाता है। इस बार देश भर से 26 प्रतिमाओं का सम्मान होगा जो देश के विभिन्न प्रदेशों मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश बिहार महाराष्ट्र राजस्थान पंजाब दिल्ली राज्यों से हैं।

**इनको मिलेगा की KAF अवार्ड**

डॉ अमित देवकुले महाराष्ट्र पुणे, कैप्टन नरेंद्र कुमार सिद्धू रिटायर्ड आर्मी मैन मेरठ उत्तर प्रदेश, डॉ.प्रतिष्ठा ठाकुर राजस्थानी फिल्म अभिनेत्री व एंकर प्रिंसिपल शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार भीलवाड़ा, सूर्य प्रकाश पांडे इंजीनियर सिलवासा उत्तर प्रदेश, ईश्वर लाल किशन लाल अग्रवाल पत्रकार एवं सोशल एक्टिविस्ट पुणे महाराष्ट्र, श्रीमती स्वाति दूमले प्रोड्यूसर फाउंडर ऑफ़ एस एम फिल्म रिया प्रोडक्शन, डॉ. वेंकटसाई चलसानी मोटिवेशनल गुरु पुणे महाराष्ट्र, गणेश कैलाश शर्मा, डॉ.श्रीमती मंजू लंगोटे बैतूल मध्य प्रदेश, आसिफ जफर सिद्दीकी थिएटर कलाकार डायरेक्टर प्रोड्यूसर बड़हरिया सिवान बिहार, बाबूराव केंद्रे नांदेड़ महाराष्ट्र, डॉ.गौरव पोपट घोड़े, राम सहाय बरेया ग्वालियर मध्य प्रदेश, डॉ रमेश चव्हाण महाराष्ट्र, श्रीमती सबाजावेद अंसारी मुंबई, दलेर सिंह पठानिया सिंगर हिमाचल प्रदेश, एडवोकेट गणेश चव्हाण पुणे महाराष्ट्र, मास्टर सेफ जमुना सोमानी, माइकल टिहवार्ड एक्टर असिस्टेंट डायरेक्टर मेरठ और मुंबई, माधव कांबले डायरेक्टर एवं को फाउंडर ऑफ़ एस एम फिल्म रिया प्रोडक्शन, डॉ. एडवोकेट योगिता दर्शन सावंत मुंबई महाराष्ट्र, संदीप बोयत बॉलीवुड स्टांप कलेक्टर और फोटोग्राफर पुणे महाराष्ट्र, श्रीमती रोजिना शेख मुंबई, श्रीमती अपूर्वा रोहित आंबेकर मुंबई, डॉ दत्ता बाबूलाल विघावे क्रिकेट कमेंटेटर वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर श्रीरामपुर अहिल्या नगर महाराष्ट्र, नारायण ढेवे असिस्टेंट प्रोड्यूसर दूरदर्शन केंद्र पुणे और स्टेट प्रेसिडेंट श्वद्धस्छ्रस एसोसिएशन महाराष्ट्र को अवार्ड प्रदान किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुंबई के जाने-माने फिल्म पर्सनालिटी रामानुज भट्टर संचालित युक्ति फिल्म प्रोडक्शन के द्वारा स्मृति चिह्न दिया जाएगा एवं कार्यक्रम का संयोजन संचालन लेखिका पत्रकार शशि दीप द्वारा किया जाएगा और मुंबई पीसीयू के टीम राजू असरानी रजिया मरककर तुलसी मिश्रा आदि कार्यक्रम की अगुवाई करेंगे।

**राजस्थान से केवल डॉ. ठाकुर का हुआ अवार्ड के लिए चयन**

इस अवार्ड के लिए ज्यूरी ने डॉक्टर प्रतिष्ठा ठाकुर का चयन उनके द्वारा पिछले दो दशक से राजस्थान की कला एवं संस्कृति को अपने अभिनय के माध्यम से राजस्थानी सिनेमा के परदे पर जीवंत करने और दमदार अभिनय करने तथा बालिका शिक्षा बालिका सुरक्षा के लिए एक प्रिंसिपल और समाज सेविका के रूप में कार्य और उनकी उपलब्धियां को मध्य नगर किया गया है और राजस्थान से एकमात्र अवार्ड प्राप्त करने वाली अभिनेत्री प्रिंसिपल वह समाज सेविका है।

# वरिष्ठ नागरिक मंच ने उठाई 21 सूत्रीय मांगें, सरकार से त्वरित समाधान की मांग

## भीलवाड़ा में पहली बार कला और जीव दया का अनूठा संगम, 26 अप्रैल को पेंटिंग प्रतियोगिता

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**

वरिष्ठ नागरिक संस्थान राजस्थान के तत्वावधान में 4-5 अप्रैल को चित्तौड़गढ़ में आयोजित प्रांतीय सम्मेलन के खुला सत्र में मिले सुझावों के आधार पर 21 सूत्रीय मांग पत्र तैयार किया गया है। यह मांग पत्र केंद्र व राज्य सरकार सहित संबंधित मंत्रालयों को भेजा जाएगा, ताकि वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके समाधान की मांग की जा सके।

प्रदेश अध्यक्ष भंवर सेठ (उदयपुर) और प्रदेश महामंत्री मदन खटोड़ (भीलवाड़ा) ने संयुक्त बयान में बताया कि सम्मेलन में करीब 1100 प्रतिभागियों ने भाग लिया था, जिनके सुझावों को समाहित कर यह मांग पत्र तैयार किया गया है।

उन्होंने बताया कि प्रमुख मांगों में नेशनल पॉलिसी ऑन ओल्डर पर्सन 1999 में वर्तमान समय के अनुसार संशोधन कर उसे शीघ्र लागू करने, कोरोना काल में बंद की गई रेलवे रियायत बहाल करने तथा



राजस्थान में वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग बोर्ड के गठन की मांग शामिल है।

इसके अलावा प्रत्येक जिले में वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग भवन, जेरियाट्रिक वार्ड की स्थापना, स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने, मोहल्ला क्लीनिक शुरू करने तथा इलाज व जांच की दरें निर्धारित करने की मांग भी उठाई गई है।

संस्थान ने मेंटेनेंस एंड वेलफेयर ऑफ पेरेंट्स एंड सीनियर सिटीजंस एक्ट 2007 में संशोधन, मेंटेनेंस राशि की अधिकतम सीमा हटाने और ट्रिब्यूनल निर्णय के खिलाफ अपील का अधिकार देने की मांग की है। साथ ही सभी बसों में 50% किराया रियायत, अकेले रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रभावी पुलिस बीट व्यवस्था और वरिष्ठ जन आयोग में प्रतिनिधित्व देने पर जोर दिया गया है।

मांग पत्र में यह भी कहा गया है कि बिना पेंशन वाले सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बैंक व पोस्ट ऑफिस में फिक्स डिपॉजिट पर 2% अतिरिक्त ब्याज दिया जाए। साथ ही सहारा और आदर्श क्रेडिट जैसी संस्थाओं में फंसी राशि को प्राथमिकता से लौटाने की मांग की गई है।

संस्थान ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन न्यूनतम ?5000 प्रतिमाह करने, वृद्धाश्रमों को आधुनिक बनाने, हेल्पलाइन 14567 को 24 घंटे संचालित करने और आरजीएचएस योजना को सरकारी व निजी अस्पतालों में प्रभावी रूप से लागू करने की मांग भी रखी है।

पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो वरिष्ठ नागरिक संगठन आंदोलन करने को बाध्य होंगे। कार्यक्रम में श्याम कुमार डाड, कृष्ण गोपाल सोमानी, कैलाश पुरोहित, उमा शंकर शर्मा, राकेश सक्सेना, बालमुकंद मोदी, वीणा खटोड़, विजयलक्ष्मी सोमानी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# रिको ग्रोथ सेंटर में तेज आंधी-तूफान, टीन शेड और सोलर पैनल उड़े

## फैक्ट्रियों में नुकसान, गनीमत रही कोई हताहत नहीं

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

रिको ग्रोथ सेंटर, स्वरूपगंज में रविवार दोपहर आए तेज आंधी-तूफान ने अचानक हालात बिगाड़ दिए। तेज बवंडर के चलते कई फैक्ट्रियों के टीन शेड और सोलर पैनल उखड़कर उड़ गए, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

ग्रोथ सेंटर स्थित वीटीएफ प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में भी सोलर पैनल शेड उड़ने से भारी नुकसान हुआ। मौके पर मौजूद मनोज दादलानी ने बताया कि तेज हवा के साथ आए बवंडर ने अचानक सोलर पैनलों को हवा में उड़ा दिया।

फैक्ट्री के टीन शेड को भी नुकसान पहुंचा।

हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

घटना के बाद फैक्ट्री परिसर में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।



# पंचानपुरा बांध के पास शिकार की तैयारी में बंदूक के साथ घूम रहा था युवक, पुलिस ने दबोचा

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

थाना पुलिस ने अवैध हथियार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को एकनाल टोपीदार बंदूक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास हथियार का कोई वैध लाइसेंस नहीं मिला।

पुलिस ने बताया कि कांस्या चौकी प्रभारी एएसआई नरेश कुमार सुखवाल मय जाप्ता शनिवार को क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान इन्द्रपुरा क्षेत्र में मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति पंचानपुरा बांध के पास शिकार की टोह में अवैध बंदूक लेकर घूम रहा है।

सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम लादू पुत्र श्यामलाल भील (35) निवासी इन्द्रपुरा बताया।

तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एकनाल टोपीदार बंदूक बरामद की गई। आरोपी से हथियार का लाइसेंस मांगा गया, लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

पुलिस ने मौके पर ही हथियार को जब्त कर लिया और आरोपी को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करवाई गई। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले की जांच जारी है।

# राष्ट्रव्यापी गौ सम्मान आव्हान अभियान के तहत आज सौंपेंगे प्रार्थना पत्र

## पद संकीर्तन यात्रा राजेंद्र मार्ग से होगी शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा**

प्रधान संरक्षक वेद लक्षणा गौ माता एवं अध्यक्ष नंदी बाबा की प्रेरणा से गौ माता के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर चल रहे राष्ट्रव्यापी 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' के अंतर्गत भीलवाड़ा तहसील में सोमवार 27अप्रैल को एक भव्य पैदल संकीर्तन रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली के माध्यम से जिला प्रशासन को प्रार्थना पत्र सौंपकर गौ संरक्षण हेतु ठोस कदम उठाने की मांग की जाएगी।

यह संकीर्तन रैली सोमवार प्रातः 9:15 बजे राजेन्द्र मार्ग विद्यालय परिसर से प्रारंभ होने से पूर्व महामंडलेश्वर श्री हंस राम जी उदासीन महाराज, महामंडलेश्वर श्री बाबू गिरी जी महाराज व संतों महंतो एवं विचार परिवार के सदस्यों द्वारा आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन के बाद पैदल रैली प्रारंभ होगी जो निर्धारित मार्ग से होते हुए राजेन्द्र मार्ग रोड, आइनॉक्स, महावीर पार्क . राजीव गांधी मार्केट, सूचना केन्द्र बजरंगी चौराहा , गोल प्याऊ चौराहा, सदर बाजार, अम्बेडकर सर्किल एवं मशीनरी मार्केट से होकर जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचेगी, जहां प्रतिनिधिमंडल द्वारा उपखंड अधिकारी को महामहिम राष्ट्रपति , प्रधानमंत्री, महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम प्रार्थना पत्र सौंपे जाएंगे ।

पैदल रैली का मुख्य उद्देश्य 'गौ माता को राष्ट्र माता' का दर्जा दिया जाए। एवं देश भर में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लागू किया जाए।

वहीं प्रचारक संत श्री श्री 108 श्री लालजी महाराज (कोटड़ी) के सानिध्य में रैली का आयोजन संपन्न होगा।

भीलवाड़ा शहर विधायक अशोक कुमार कोठारी ने इस पैदल रैली में शहरवासियों एवं गौ भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रैली को सफल बनाने एवं गौ सेवा के इस अभियान में सहभागिता निभाने की अपील की है।

# संगिनी जेएसजी की अनूठी पहलः 5 कन्याओं के बाद अब फिर जरूरतमंद बेटी के विवाह में बना सहारा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

संगिनी जेएसजी भीलवाड़ा मेन द्वारा सामाजिक सरोकार की एक सराहनीय पहल करते हुए आज 'कन्यादान कार्यक्रम' का आयोजन मैंन सेक्टर शास्त्री नगर स्थित गोखरू निवास में आयोजित किया गया। यह आयोजन एक जरूरतमंद परिवार की बेटी के आगामी विवाह (1 मई 2026) को ध्यान में रखते हुए सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संगिनी ग्रुप की अध्यक्ष पुष्पा राजेन्द्र गोखरू ने कहा कि बेटी का विवाह केवल एक परिवार का नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व होता है। ऐसे पुण्य कार्य समाज में एकता, सहयोग और संवेदनशीलता को मजबूत करते हैं।

संगिनी ग्रुप की प्रमिला गोखरू, सोनल मेहता, किरण मेहता, शकुन्तला साँखला, अंजू मेहता, कुसुम पोखरना, मनीषा खजांची, बसंत लता मेहता, निर्मला बूलिया, अंकिता खजान्ची, अंजना ओरडिया, प्रियंका चौधरी, निलीमा भंडारी सहित अन्य महिलाओं एवं समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने अपनी श्रद्धा अनुसार वस्त्र, बर्तन, धनराशि, पलंग, डायचा, अलमारी, कूलर, पायल-बिछिया सहित विभिन्न आवश्यक सामग्री प्रदान कर सहयोग किया।

पूरे आयोजन का वातावरण सेवा, संवेदना और सहयोग की भावना से ओत-प्रोत रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया गया।




मनीष बम्ब ने बताया कि जेएसजी संगिनी ग्रुप पूर्व में भी 5 कन्याओं के कन्यादान में सहयोग कर समाज में प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत कर चुका है और निरंतर ऐसे सेवा कार्य करता आ रहा है। उन्होंने कहा की यह पहल न केवल एक बेटी के जीवन में खुशियां लाने का प्रयास है, बल्कि समाज में मानवता और सहयोग की सुंदर मिसाल भी प्रस्तुत करती है।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की! अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# स्वीफ्ट कार से 102 किलो डोडा चूरा जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार

## डीएसटी व मांडलगढ़ पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, ड्राइवर फरार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**


जिले में नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। डीएसटी टीम भीलवाड़ा और मांडलगढ़ थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक स्वीफ्ट कार से 102 किलो 450 ग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद किया गया है। पुलिस ने एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया है, जबकि कार चालक फरार हो गया। पुलिस ने थानाधिकारी घनश्याम मीणा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर कार्रवाई को अंजाम दिया है ।
डीएसटी प्रभारी अशोक कड़वा से मिली सूचना के आधार पर मांडलगढ़ थाना पुलिस ने डाक बंगला क्षेत्र में नाकाबंदी की। इस दौरान यूपी नंबर की एक संदिग्ध सफेद स्वीफ्ट कार को रोकने का इशारा किया गया। पुलिस को देखकर चालक कार छोड़कर खेतों की ओर भाग गया, जबकि साथ बैठे व्यक्ति को मौके पर पकड़ लिया गया।
पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें काले रंग के 7 कट्टों में भरा हुआ डोडा चूरा मिला, जिसका कुल वजन 102.450 किलोग्राम निकला। पुलिस ने मादक पदार्थ और वाहन को जब्त कर लिया।
गिरफ्तार आरोपी ने अपना नाम मनदीप बाजीगर (26) निवासी खानेवाल, थाना पातड़ा, जिला पटियाला (पंजाब) बताया। पूछताछ में उसने फरार साथी का नाम बलदेव सिंह बताया है।
पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मांडलगढ़ थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। फरार आरोपी की तलाश जारी है।
इस कार्रवाई में मांडलगढ़ थाना पुलिस के साथ डीएसटी टीम के अशोक कड़वा, गोपालराम, शंकरलाल, कन्हैयालाल और कमल कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मियों की विशेष भूमिका रही।

# गौ सम्मान अभियान से पहले आश्रम में अद्भुत दृश्य, संतों ने बताया शुभ संकेत

## गौ माता संतों के बीच आकर बैठी, श्रद्धालु हुए भावविभोर

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़ ।**

कस्बा स्थित श्री अमर ज्ञान निरंजनी आश्रम में रविवार को गौ सम्मान आह्वान अभियान की पूर्व संध्या पर एक भावुक, अलौकिक और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला। इस घटना ने वहां मौजूद संत समाज और श्रद्धालुओं को गहराई से प्रभावित किया।
आश्रम के मुख्य कक्ष में गोवात्सल्य संत महामंडलेश्वर स्वामी श्री जगदीश पुरी जी महाराज अन्य संतों के साथ विराजमान थे। इसी दौरान एक गौ माता शांत भाव से कक्ष में प्रवेश कर संतों के बीच आकर बैठ गई। वह दृश्य ऐसा था मानो किसी संत सभा का हिस्सा हो।
कुछ समय के लिए पूरा वातावरण शांत और आध्यात्मिक भाव से भर गया। वहां उपस्थित सभी लोग इस दृश्य को निहारते रह गए। स्वयं स्वामी जगदीश पुरी जी महाराज सहित संत समाज ने इसे विशेष और दिव्य अनुभव बताया।
संतों ने इस घटना को सोमवार को देशभर में आयोजित होने वाले गौ सम्मान आह्वान अभियान के लिए शुभ संकेत बताया। उनका कहना था कि यह समाज के लिए स्पष्ट संदेश है कि गौ सेवा, संरक्षण और सम्मान के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।
आश्रम में मौजूद श्रद्धालुओं ने भी इसे ईश्वरीय प्रेरणा मानते हुए गौ रक्षा और संवर्धन का संकल्प दोहराया।



# जिला माहेश्वरी महिला संगठन का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न, 'उड़ान नेतृत्व की ओर' थीम रही केंद्र में

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिला माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा हरणी महादेव रोड स्थित रामेश्वरम में 'उड़ान नेतृत्व की ओर' थीम पर आधारित शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह भव्य और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नवगठित कार्यकारिणी ने समाज सेवा और संगठन सुदृढ़ीकरण का संकल्प लिया।
शपथ ग्रहण अधिकारी एवं निवर्तमान पश्चिमांचल संयुक्त मंत्री शिखा भदादा ने सभी पदाधिकारियों को त्याग, समर्पण, अनुशासन एवं मर्यादा के साथ कार्य करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में 'राम दरबार' की शिक्षाओं पर आधारित विशेष प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही।
मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ममता मोदानी ने कहा कि सुव्यवस्थित योजना और अनुशासन से ही संगठन की छवि मजबूत होती है। उन्होंने मंच व्यवस्था, बैनर निर्माण और कार्यकर्ताओं की भूमिका पर भी मार्गदर्शन दिया। प्रदेश अध्यक्ष सीमा कोगटा ने पारदर्शिता, एकात्मता और दूरदर्शिता के साथ कार्य करने का संदेश देते हुए मातृशक्ति की सामूहिक शक्ति पर बल दिया।
इस अवसर पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष प्रीति लोहिया एवं सचिव भारती बाहेती ने विभिन्न तहसील व क्षेत्रीय संगठनों के पदाधिकारियों का अभिनंदन किया। वहीं नवनिर्वाचित अध्यक्ष भारती बाहेती एवं सचिव निशा काकानी ने 'सबका साथ, सबका विकास' के ध्येय के साथ कार्य करने का आह्वान किया। संगठन में विभिन्न पदों पर नियुक्तियां भी घोषित की गईं। उपाध्यक्ष पद पर राखी राठी (भीलवाड़ा), वंदना बालदी (गंगापुर), हेमा मूंदड़ा (जहाजपुर), सुभद्रा हेड़ा (शाहपुरा), संयुक्त मंत्री पद पर मधु काबरा (भीलवाड़ा), आशा पटवारी (मांडल), रितू सोनी (बागौर), कांता सोमानी (गुलाबपुरा) तथा प्रकल्प प्रमुख के रूप में चेतना जागेटिया को दायित्व सौंपा गया। कार्यसमिति में शारदा माहेश्वरी, राधा न्याति, सुमन सोनी, अर्चना बिरला, मधु लड़ा, सुनीता बलदवा, आशा लढ्ढा (मांडलगढ़), चंदा जागेटिया (गंगापुर), गीता मालू (जहाजपुर), स्नेहलता गगरानी (बनेड़ा), सुमन सोमाणी (मंगरोप) सहित अन्य सदस्यों को मनोनीत किया गया। आजाद नगर माहेश्वरी महिला संगठन की मेजबानी में आयोजित इस समारोह का संचालन डॉ. राखी राठी एवं मीनू झांवर ने किया। अध्यक्ष श्रीमती प्रेम सुधा अजमेरा के स्वागत भाषण के बाद उषा तोतला, राधिका नुवाल, मोनिका झांवर एवं दीक्षा माहेश्वरी द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांध दिया। अलका सोडाणी एवं सुनीता ईनाणी की 'महेश वंदना' ने कार्यक्रम को आध्यात्मिक रंग प्रदान किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में अंकिता राठी, मान कंवर काबरा, प्रीति चांडक सहित टीम का विशेष सहयोग रहा। अंत में सचिव सुनीता ईनाणी ने आभार व्यक्त किया।



# कोली समाज के एकल विवाह समारोह में 4 जोड़े बंधे विवाह बंधन में

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जोगणिया माता कुवाड़ा धाम पर चतुर्थ एकल विवाह समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चार जोड़ों का वैदिक रीति-रिवाजों के साथ पाणिग्रहण संस्कार संपन्न हुआ।
ट्रस्ट के सचिव मुरलीधर लोरवाड़िया ने बताया कि विवाह में फिजूलखर्ची रोकने और सादगीपूर्ण तरीके से विवाह संपन्न कराने के उद्देश्य से ट्रस्ट द्वारा हर छह माह में एकल विवाह समारोह का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में पंजीकृत जोड़ों का विवाह कराया गया।
अध्यक्ष ओमप्रकाश सुनारिया ने कहा कि विवाह जीवन का महत्वपूर्ण संस्कार है, जिसमें नवदंपतियों को दोनों परिवारों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने समाज में एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करने की आवश्यकता बताई तथा एकल विवाह को समाज के लिए उपयोगी नवाचार बताया।
समारोह की शुरुआत ठाकुरजी महाराज की अगवानी एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। पंडित हरिओम शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सात फेरे एवं सात वचन संपन्न कराए। विवाह के बाद नवदंपतियों ने मां जोगनिया एवं गढ़गहूली माता के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। साथ ही नवदंपतियों ने पहली रोटी गाय को देने का संकल्प भी लिया।
ट्रस्ट की ओर से सभी वर-वधुओं को पांच बर्तनों का उपहार प्रदान किया गया। वहीं जवाहर फाउंडेशन द्वारा दूल्हों को वस्त्र भेंट किए गए। समारोह में भामाशाहों के सहयोग से सामूहिक भोजन की व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर जोगणिया माता भोपा राजेश कसोड़िया का पंचों द्वारा साफा बांधकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में रूपलाल, भेरूलाल लोरवाड़िया, खेमचंद सुनारिया, जमनालाल आमेरिया सहित विभिन्न क्षेत्रों से समाज के पंच एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। साथ ही महावीर व्यायामशाला अखाड़ा के उस्ताद बुद्धिप्रकाश बछापारिया, सेवंतीलाल, चंपालाल, सुनील, मोतीलाल आमेरिया, देवीलाल, राकेश, धर्मराज, मोहनलाल, लक्ष्मीनारायण, अशोक मंडिया सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे। वीरांगना झलकारी महिला मंडल की अंतिमा, मधु, डोली, संगीता, राजेश्वरी, पूजा, अंजना, जानकी सहित अन्य महिलाएं भी समारोह में उपस्थित रहीं।







# केशव स्मृति सेवा प्रन्यास के अध्यक्ष हीरालाल टेलर, सचिव रविंद्र मानसिंहका निर्वाचित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

श्री केशव स्मृति सेवा प्रन्यास की भीलवाड़ा, आसींद, मांडल व शाहपुरा इकाइयों के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए। निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट राजकुमार शर्मा के निर्देशन में हीरालाल टेलर को अध्यक्ष, रविंद्र मानसिंहका को सचिव तथा गोविंद प्रसाद सोडाणी को कोषाध्यक्ष चुना गया।
नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का कार्यकाल वर्ष 2026 से 2029 तक रहेगा।
बैठक में संस्कार केंद्रों को बढ़ावा देने, रेवदास जयंती पर रक्तदान शिविर व विचार गोष्ठी आयोजित करने की योजना बनाई गई।
साथ ही गुरु श्री कानिफ घुमंतू छात्रावास के लिए गणेश सुथार को अध्यक्ष, विशाल गुरुजी को सचिव सहित अन्य पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई।
बैठक में विभिन्न स्थानों पर वाचनालय व योग शिविर संचालन पर भी चर्चा हुई।




## QUICK BITES

### आकोला में 30 अप्रैल से पंचकुण्डीय श्री विष्णु महायज्ञ, मंदिरों पर होगा स्वर्ण कलश स्थापना समारोह

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**



**(जसवंत पारीक)।** कस्बे में 30 अप्रैल से पंचकुण्डीय श्री विष्णु महायज्ञ एवं भगवान लक्ष्मीनाथ, नाहर सिंह माता तथा तेजाजी महाराज मंदिरों पर स्वर्ण कलश स्थापना समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।
आयोजन समिति अध्यक्ष जमनालाल जोशी ने बताया कि महायज्ञ में आकोला, होलीरड़ा, खजीना, इंदौकड़ा की झोपड़ियां एवं रघुनाथपुरा सहित आसपास के गांवों के ग्रामीण सक्रिय भागीदारी निभाएंगे।
यज्ञाचार्य भगवती प्रसाद शास्त्री (दोवनी) ने बताया कि 30 अप्रैल को सुबह 7:15 बजे बनास नदी किनारे स्थित शिव मंदिर से 201 गांवों की हरि बोल प्रभात फेरी रवाना होगी, जो कस्बे के मुख्य मार्गों से होकर गुजरेगी। इसके पश्चात 10:15 बजे देवता आह्वान, अग्नि स्थापना एवं हवन प्रारंभ होगा। दोपहर 3 बजे प्रभात फेरी का समापन कर प्रसाद वितरण किया जाएगा।
1 मई को प्रातः हवन जारी रहेगा। इसी दिन से 4 मई तक रात्रि 8 बजे लक्ष्मीनाथ मंदिर चौक में गोवत्स ममता द्वारा नानी बाई का मायरा कथा का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 5 मई से 8 मई तक पंडित अनमोल शास्त्री द्वारा मायरा कथा का वाचन किया जाएगा।
8 मई को सुबह 7:15 बजे लक्ष्मीनाथ मंदिर प्रांगण में भगवान शिव परिवार की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसके बाद दोपहर 12:15 बजे भगवान लक्ष्मीनाथ, नाहर सिंह माता एवं तेजाजी महाराज मंदिरों के शिखरों पर स्वर्ण कलश स्थापना की जाएगी। दोपहर 1:15 बजे महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ प्रसाद वितरण किया जाएगा।
सभी कार्यक्रम बनास नदी किनारे स्थित शिव मंदिर के महंत रामस्नेही दास महाराज के मार्गदर्शन में संपन्न होंगे।

### 28 अप्रैल को मनाया जाएगा साध्वी यश कंवर म.सा. का 11वां पुण्य स्मृति दिवस, रक्तदान शिविर भी होगा आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।**




कस्बे में श्रमण संघीय साध्वी शिरोमणि राजस्थान प्रवर्तनी यश कंवर म.सा. का 11वां पुण्य स्मृति दिवस 28 अप्रैल को तप, त्याग एवं गुणगान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम श्री यश कंवर स्मृति सेवा संस्थान, बीगोद के तत्वावधान में पावन धाम पर आयोजित होगा।
संस्थान अध्यक्ष कमलेश बाफना ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रातः 8 बजे नवकार महामंत्र जाप, 9:15 बजे गुणगान सभा तथा दोपहर 12:30 बजे गौतम प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर श्री महावीर युवक मंडल सेवा संस्थान एवं अरिहंत हॉस्पिटल एंड रिसर्च संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में प्रातः 9:15 बजे से विशाल रक्तदान शिविर भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी पारसमल राजेश कुमार रजत पीपाड़ा (भीलवाड़ा) करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में कमला देवी चौधरी (भीलवाड़ा) एवं मंजू देवी चौधरी (बीगोद) उपस्थित रहेंगी। संस्थान मंत्री महावीर बाफना ने बताया कि इस अवसर पर मणिप्रभा जी म.सा., सुमन प्रभा जी म.सा. एवं रुचिका जी म.सा. सहित ठाणा के आगमन की स्वीकृति प्राप्त हुई है। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल है।

### खाद-बीज विक्रेता आज रखेंगे बंद, महाराष्ट्र हड़ताल के समर्थन में निर्णय

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।**



राजस्थान एग्रीकल्चरल इनपुट डीलर्स एसोसिएशन ने महाराष्ट्र संगठन की बेमियादी हड़ताल के समर्थन में एक दिवसीय सांकेतिक बंद का निर्णय लिया है। इसके तहत भीलवाड़ा जिले के खाद-बीज विक्रेता 27 अप्रैल को अपने प्रतिष्ठान बंद रखेंगे।
जिला खाद-बीज विक्रेता संस्थान के अध्यक्ष शांतिलाल पालीवाल ने बताया कि प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल किसान एवं विक्रेताओं से जुड़े विभागीय मुद्दों के विरोध में की जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान कानूनी प्रक्रियाओं की जटिलताओं और नियमों के कारण व्यापारियों एवं किसानों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।
संगठन के आह्वान पर जिले भर की सभी तहसील इकाइयों के खाद-बीज विक्रेता इस दिन पूर्ण रूप से दुकानें बंद रखकर आंदोलन में भाग लेंगे।
संगठन के उपाध्यक्ष नरेंद्र काबरा एवं राजेंद्र भाटी ने सभी डीलरों से 27 अप्रैल को अपनी-अपनी दुकानें बंद रखने की अपील की। इस दौरान कोषाध्यक्ष कुशल श्रीमान, सचिव सुभाष चंद्र कटारिया, शांतिलाल शर्मा, गोवर्धन पाराशर, मुरलीधर सैनी, मीडिया प्रभारी योगेश गहलोत, मुजफ्फर सहित अन्य विक्रेता उपस्थित रहे।

### शीतल जल सेवा केंद्र शुरू, मरीजों को मिलेगी राहत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**




भीषण गर्मी को देखते हुए भीलवाड़ा साड़ी डीलर एसोसिएशन ने महात्मा गांधी चिकित्सालय परिसर में शीतल जल सेवा केंद्र (प्याऊ) शुरू किया। शुभारंभ पंडित कृष्ण कुमार शर्मा के सानिध्य में अध्यक्ष उत्तम कुमार सूरिया एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरुण गौड़ ने किया। डॉ. गौड़ ने बताया कि इस केंद्र से अस्पताल में आने वाले मरीजों, उनके परिजनों और आमजन को स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिलेगी। प्रतिदिन लगभग 125 पानी की केन उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे हजारों लोगों को राहत मिल रही है। नर्सिंग अधीक्षक मुकुटराज शक्तावत सहित स्टाफ ने इस पहल को सराहनीय बताया। कार्यक्रम में गारमेंट एसोसिएशन, सुमंगल सेवा संस्थान एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों का सहयोग रहा।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।